## पाठ्यपुस्तक के आंतरिक प्रश्न

**1. अगर किसी वर्ष मानसूनी वर्षा कम हो या नहीं हो तो क्या होगा? सही उत्तर पर चिह्न (✓) लगाओ।**

**(a) फसल-प्रभावित होगी/नहीं होगी।**
**(b) कुएँ के पानी का स्तर-ऊपर जाएगा/नीचे चला जाएगा।**
**(c) गर्मी का मौसम- लंबा होगा/ छोटा होगा (एन०सी०ई०आर०टी० पाठ्यपुस्तक, पेज-59)**

**उत्तर**

**(a)** फसल-प्रभावित होगी।
**(b)** कुएँ के पानी का स्तर-नीचे चला जाएगा।
**(c)** गर्मी का मौसम-लंबा होगा।

**2.**



**(a) शिकारी बाघों को क्यों मारते हैं?**
**(b) हमारे वनों से अगर बाघ खत्म हो जाएँ तो क्या होगा?**
**(c) क्या आपने कभी बाघ आरक्षित क्षेत्र या ऐसे चिड़ियाघर देखे हैं, जहाँ बाघों को रखा जाता है? (एन०सी०ई०आर०टी० पाठ्यपुस्तक, पेज-65 )**
**उत्तर**
**(d)** लोग बाघों को उनसे प्राप्त होने वाले बहुमूल्य खालों, हड्डियों आदि के लिए मारते हैं जिससे भारी मुनाफा कमाया जाता है।
**(b)** हमारे जंगलों से अगर बाघ खत्म हो जाएँ तो एक खूबसूरत ताकतवर प्रजाति विलुप्त हो जाएगी।
**(c)** विद्यार्थी स्वयं करें।

## प्रश्न-अभ्यास
## (पाठ्यपुस्तक से)

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए।**

**(i) कौन-सी पवन भारत में वर्षा लाती है? यह इतनी महत्त्वपूर्ण क्यों है?**
**उत्तर** मानसूनी पवनें भारत में वर्षा लाती हैं। भारत में कृषि वर्षा पर निर्भर हैं। अच्छे मानसून का मतलब है पर्याप्त वर्षा तथा प्रचुर मात्रा में फसलों का उत्पादन।

**(ii) भारत के विभिन्न मौसमों के नाम लिखिए।**
**उत्तर**
**भारत में चार प्रमुख मौसम होते हैं –**

**(a)** दिसंबर से फरवरी तक ठंडा मौसम (सर्दी)
**(b)** मार्च से मई तक गर्म मौसम (गर्मी)
**(c)** जून से सितंबर तक दक्षिण-पश्चिम मानसून का मौसम (वर्षा)
**(d)** अक्टूबर और नवंबर में मानसून के लौटने का मौसम (शरद)

**(iii) प्राकृतिक वनस्पति क्या है?**
**उत्तर** जो घास, झाड़ियाँ तथा पौधे बिना मनुष्य की सहायता के उपजते हैं उन्हें प्राकृतिक वनस्पति कहा जाता है।

**(iv) भारत में पाई जाने वाली विभिन्न प्रकार की वनस्पतियों के नाम लिखिए।**
**उत्तर** जलवायु की विभिन्नता के कारण भारत में अलग-अलग पाँच तरह की वनस्पतियाँ पाई जाती हैं

- उष्ण कटिबंधीय सदाबहार वन
- उष्ण कटिबंधीय पतझड़ वन
- कंटीली झाड़ियाँ
- पर्वतीय वन
- मैंग्रोव वन

**(v) सदाबहार वने तथा पतझड़ वन में क्या अंतर है?**
**उत्तर** सदाबहार वन तथा पतझड़ वन में अंतर

| सदाबहार वन | पतझड़ वन |
|---|---|
| (1) सदाबहार वन अधिक घने होते हैं और सूर्य का प्रकाश भी जमीन तक नहीं पहुँच पाता है। | (1) पतझड़ वन कम घने होते हैं। |
| (2) ये वन वर्ष के अलग-अलग समय पर अपनी पत्तियाँ गिराते हैं। | (2) ये वन वर्ष में एक निश्चित समय पर अपनी पत्तियाँ गिराते हैं। |
| (3) ये वन उन क्षेत्रों में पाए जाते हैं जहाँ बहुत अधिक वर्षा होती है। | (3) ये वन देश के बहुत बड़े भाग में पाए जाते हैं। |
| (4) ये वन अंडमान-निकोबार द्वीपसमूहों उत्तरी-पूर्वी राज्यों के कुछ भागों तथा पश्चिमी घाट की सँकरी में पाए जाते हैं। | (4) ये वन मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, उड़ीसा तथा महाराष्ट्र के कुछ भागों में पाए जाते हैं। |
| (5) इन वनों में पाए जाने वाले प्रमुख वृक्ष महोगनी, एबोनी, रोजवुड आदि हैं। | (5) इन वनों में पाए जाने वाले प्रमुख वृक्ष साल सागौन, पीपल नीम एवं शीशम है। |

**(vi) उष्ण कटिबंधीय वर्षा वनों को सदाबहार वन क्यों कहा जाता है?**

**उत्तर** ये वन वर्ष के अलग-अलग समय पर अपनी पत्तियाँ गिराते हैं, जिसके कारण ये हमेशा हरे-भरे दिखाई देते हैं। इसलिए इन वनों को सदाबहार वन कहा जाता है।

**2. सही उत्तर चिह्नित (✓) कीजिए।**

**(i) विश्व में सबसे अधिक वर्षा वाला क्षेत्र कौन-सा है?**

**(क)** मुंबई
**(ख)** आसनसोल
**(ग)** मौसिनराम

**(ii) मैंग्रोव वन कहाँ हो सकते हैं?**

**(क)** खारे जल में
**(ख)** साफ जल में
**(ग)** प्रदूषित जल में

**(iii) महोगनी एवं रोजवुड वृक्ष पाए जाते हैं**

**(क)** मैंग्रोव वन में ।
**(ख)** उष्ण कटिबंधीय पतझड़ वन में
**(ग)** उष्ण कटिबंधीय सदाबहार वन में

**(iv) जंगली बकरी तथा हिम तेंदुए कहाँ पाए जाते हैं?**

**(क)** हिमालय क्षेत्र में
**(ख)** प्रायद्वीपीय क्षेत्र में

**(ग)** गिर वन में

**(v) दक्षिण-पश्चिम मानसून के समय आर्द्र पवनें कहाँ बहती हैं?**

**(क)** स्थल से समुद्र की ओर
**(ख)** समुद्र से स्थल की ओर
**(ग)** पठार से मैदान की ओर

**उत्तर**

1. (ग) मौसिनराम
2. (क) खारे जल में
3. (ग) उष्ण कटिबंधीय सदाबहार वन
4. (क) हिमालय क्षेत्र में
5. (ख) समुद्र से स्थल की ओर

**3. खाली स्थान भरें।।**

1. गर्मी में दिन के समय शुष्क तथा गर्म पवनें चलती हैं, जिन्हें …………………… कहा जाता है।
2. आंध्र प्रदेश तथा तमिलनाडु में …………………… के मौसम में बहुत अधिक मात्रा में वर्षा होती है।
3. गुजरात के …………………… वन …………………… का निवास है।
4. …………………… मैंग्रोव वन की प्रजाति है।
5. ………………….. को मानसून वन भी कहा जाता है।

**उत्तर**

1. लू
2. लौटते मानसून
3. गिर, एशियाई शेरो
4. सुंदरी
5. उष्ण कटिबंधीय पतझड़ वन